हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 2 अप्रैल 2024
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 24. 0 डिग्री

कलेक्टर ने किया मतदान दलों के प्रशिक्षण का अवलोकन 4



# ऐन वक्त पर पहुंची अफसरों की टीम, रुकवाई दो नाबालिगों की शादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जागरुक ग्रामीणों की सूचना और प्रशासन के साथ महिला एवं बाल विकास विभाग की सक्रियता से मेंहदा और पंतोरा गांव में हो रहा बाल विवाह रुक गया। शादी की रस्म अदाएगी पूरी हो पाती इससे पहले अफसरों की टीम पहुंच गई और दांपत्य सूत्र में बंधने जा रहे दो नाबालिगों की शादी रुकवा दी गई।

महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयास से दो बाल विवाह से रोका गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण ईकाई महिला एवं बाल विकास ने बताया कि 30 मार्च को ग्राम मेंहदा थाना पामगढ़ में एक नाबालिग की शादी हो रही थी। इसकी सूचना मिलने पर विभागीय अधिकारियों की टीम हरकत में आई। तत्काल अफसर बालक के घर मेंहदा पहुंचे। वहां दूल्हा बनने जा रहे वर की अंकसूची की जांच की गई। इस दौरान उसकी उम्र 20 वर्ष 11 माह होना पाया गया। इस पर परिजनों को समझाइश दी गई और बाल विवाह निषेध कानून की जानकारी देते हुए उनकी सहमति पर विवाह को रकवाया गया।



मेंहदा व पंतोरा में हो रहा था बाल विवाह

इसी प्रकार 1 अप्रैल को ग्राम पंतोरा में बालिका के घर जाकर उसके अंकसूची की जांच की जहां बालिका की उम्र 16 वर्ष 08 माह होना पाया गया। संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी द्वारा बालिका एवं उसके माता-पिता एवं स्थानीय लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया एवं समझाईस के पश्चात स्थानीय लोगों की उपस्थिति में बालिका के माता-पिता की सहमति से बालिका का विवाह रोका गया है। दल में जिला बाल संरक्षण इकाई से शिवनंदन सिंह मरकाम, अमित कुमार भोई आउटरीच वर्कर, निर्भय सिंह समन्वयक, जोहित कुमार कश्ययप टीम मेम्बर चाइल्ड लाइन जांजगीर शामिल थे। ज्ञात हो कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत विवाह के लिए लड़की की उम्र 18 वर्ष तथा लड़के की उम्र 21 वर्ष निर्धारित है। निर्धारित उम्र से कम होने की स्थिति में बाल विवाह करने पर पुलिस विभाग द्वारा अपराध पंजीबद्ध करते हुए विवाह करने वाले माता-पिता, विवाह में सम्मिलित होने वाले रिश्तेदार, विवाह कराने वाले पंडित के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी। अधिनियम के तहत 2 वर्ष के कठोर सश्रम कारावास तथा 01 लाख के जुर्माने अथवा दोनों से दंडित किया जाने का प्रावधान है।

## खबर संक्षेप

### यातायात नियमों का उल्लंघन, 116 वाहन चालकों पर लगाया जुर्माना

**जांजगीर-चांपा।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात नियमों का उलंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 116 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 38 हजार 7 सौ रुपए का जुर्माना लगाया है। 31 मार्च को यातायात नियमों का उलंघन करने वालों वाहन चालकों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया जिसमें मोटर सायकल में तीन सवारी, नो पार्किंग में वाहन खड़ी करना, नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, वाहन में रिफलेक्टर ग्लास नही होना, बिना हेलमेट के वाहन चलाना, बिना लायसेंस के वाहन चलाना एवं अन्य मोटर वाहन अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत जिले में कुल 116 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 38 हजार 700 रुपए का समन शुल्क लिया गया ।

### सकरेली फाटक को स्थायी रूप से बंद करने की प्रक्रिया स्थगित

**सक्ती।** रेलवे प्रशासन द्वारा सड़क उपयोगकर्ताओं की बेहतर सुरक्षा एवं संरक्षा सुनिश्चित करने हेतु समपार फाटकों में रोड ओवरब्रिज, अंडरपास का निर्माण के साथ वैकल्पिक सड़क मार्ग की व्यवस्था करने के पश्चात समपार फाटकों को बंद किया जा रहा है। इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत बाराद्वार-सक्ती स्टेशनों के मध्य कि.मी. 646/17-19 पर स्थित मानव सहित समपार संख्या 326 (सकरेली फाटक) को सुरक्षागत कारणों से सोमवार 1 अप्रैल से सड़क यातायात के लिये स्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया गया था। कलेक्टर सक्ती से प्राप्त पत्र व स्थानीय लोगों की मांग के दृष्टिगत उक्त समपार को स्थायी रूप से बंद करने की प्रक्रिया को तत्काल स्थगित करने का निर्णय रेलवे प्रशासन द्वारा लिया गया है, इसलिए सकरेली समपार अभी बंद नहीं होगी।

### शिक्षक संगठनो की मांग पर डीईओ ने सुबह स्कूल लगाने जारी किया आदेश

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन, शालेय शिक्षक संघ, संयुक्त शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने 1 अप्रैल को अश्वनी कुमार भारद्वाज जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर गर्मी को देखते हुए व 2018 के स्थायी आदेश के आधार पर सुबह स्कूल लगाने का लिखित आदेश जारी करने व प्राथमिक शाला प्रधान पाठक पदोन्नति हेतु 1 अप्रैल की स्थिति में अंतिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन करने की मांग की है। शिक्षक संगठनो की मांग पर डीईओ सर ने तत्काल सुबह स्कूल लगाने का लिखित आदेश जारी कर दिया है, जारी आदेश में कहा गया है कि संदर्भित शासन के पत्र द्वारा शालाओं में संचालन के संबंध में बिन्दुवार स्थाई निर्देश 2018 में जारी किये गये है। निर्देश के बिन्दु कमांक 03 अनुसार माह अप्रैल में समस्त शाला हेतु समय सीमा प्रातः 7.30 बजे से 11.30 बजे तक लगाया जावे। ज्ञापन में पदोन्नति के सम्बंध में मांग किया गया है कि जांजगीर चाम्पा जिले में प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के करीब 100 पद रिक्त है। प्राथमिक शाला प्रधान पाठक पदोन्नति हेतु 1 अप्रैल की स्थिति में वरिष्ठता सूची जारी करते हुए दावा आपत्ति लेकर अंतिम सूची का प्रकाशन किया जावे। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधि मंडल में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी, शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संतोष शुक्ला, टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, संयुक्त शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विकास सिंह, टीचर्स एसोसिएशन के जिला सचिव बोधीराम साहू, विजय प्रधान, आशीष सिंह, शिव पटेल, शालेय शिक्षक संघ से संजय दुबे, संतोष तिवारी ,अरुण शर्मा संजय राठौर, धनंजय शुक्ला ,केशव साहू, विश्कान्त शर्मा, शरद राठौर, सुखचैन दास शामिल थे।

सिक्का डालने के बावजूद नहीं मिलता बूंदभर पानी

# महज शो-पीस बनकर रह गए जिला मुख्यालय में लगाए गए वॉटर एटीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर में लाखों रुपए की लागत से बना वाटर एटीएम महज शो-पीस बनकर रह गया है। जिसके चलते गर्मी के दिनों में शहर सहित आसपास के गांव से पहुंचे लोगों को वाटर एटीएम का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस तरह की समस्या जिला पंचायत, जिला अस्पताल सहित अन्य जगहों पर लगाए गए वाटर एटीएम में देखने को मिल रही है।




जिला मुख्यालय के कचहरी चौक एवं जिला अस्पताल परिसर में लगा वाटर एटीएम।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर के कचहरी चौक, नया बस स्टैंड, जिला अस्पताल, जिला पंचायत सहित अन्य जगहों पर लाखों रूपए खर्च कर वाटर एटीएम लगाया गया है ताकि शहर सहित आसपास गांव के लोग कामकाज कराने शहर एवं कार्यालय पहुंचे। इस बीच उन्हें पेयजल के लिए किसी तरह की कोई परेशानी ना हो, लेकिन लाखों रूपए की लागत से बना वाटर एटीएम महज शोपीस बनकर रह गया है। भरी गर्मी में वाटर एटीएम की सुविधा नहीं मिल पा रही है। वाटर एटीएम मशीन में 1 रूपए का सिक्का डालने के बाद उसमें से ठंडा पानी निकलता है। इधर सिक्का डालने के बाद भी वाटर एटीएम से एक बूंद भी पानी नही निकल पाता जिसके चलते लोगो को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। इसी प्रकार जिला पंचायत परिसर में भी लाखों रूपए खर्च कर वाटर एटीएम मशीन लगाई गई है ताकि यहां कार्यरत कर्मचारी एवं कामकाज कराने जिला पंचायत पहुंचे लोगों को ठंडा पानी मिल सके, लेकिन वाटर एटीएम की सुविधा नहीं मिल पा रही है। इसी तरह की समस्या कचहरी चौक एवं नया बस स्टैंड में लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए वाटर एटीएम की है।

**क्या है वाटर एटीएम**-वाटर वेंडिंग मशीन को वाटर एटीएम मशीन के रूप में भी जाना जाता है। एक सिक्का चलित पानी आरो मशीन जिसे सबसे किफायती कीमतो और सुविधा पर स्वच्छ पेयजल देने के लिए किसी भी सार्वजनिक एवं निजी स्थानों पर स्थापित किया जा सकता है।

### बनाई जाएगी व्यवस्था

लोगों की सुविधाओ को ध्यान में रखकर वाटर एटीएम लगाया गया है। वाटर एटीएम से पानी नहीं मिल पा रहा है तो इस बारे में जानकारी लेकर व्यवस्था बनाई जाएगी।

-प्रहलाद पांडेय, सीएमओ
नगर पालिका जांजगीर-नैला

# ऑपरेशन मुस्कान को लेकर गंभीर नहीं पुलिस प्रशासन

## नाबालिगों के अपहरण के मामले में उचित कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-जैजैपुर

नाबालिगों के अपहरण के मामले को लेकर गंभीर पुलिस महकमे द्वारा ऑपरेशन मुस्कान चलाया जा रहा है, जिसकी समीक्षा राज्य के उच्चाधिकारी करते है, बावजूद इसके जैजैपुर पुलिस इन मामलों में गंभीर नहीं है। ताजा उदाहरण यहां दो नाबालिगों के अपहरण के मामले का है। इनमें से एक में अपहत मासूम झारसुगड़ा आरपीएफ की मेहरबानी से मिल गई, परन्तु आरोपियों को पुलिस अभी तक नहीं पकड़ पाई, वहीं दूसरे मामले में अपहत बालिका का कहीं कोई सुराग नहीं लगा है।



गौरतलब है कि जैजैपुर थाना अंतर्गत ग्राम कोटेतरा में एक नाबालिग आश्चर्यजनक ढंग से गायब हो गई। इस मामले की रिपोर्ट परिजन ने जैजैपुर थाने में दर्ज कराई। इसके साथ ही नाबालिग का अपहरण करने वाले आरोपियों के नाम भी बताए। इस मामले में पुलिस ने अपहरण का मामला भी कायम किया, लेकिन इतने दिनों बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है और नाबालिग का भी कहीं कोई सुराग नहीं मिला है। इसी प्रकार जैजैपुर में ही एक छात्रा के अपहरण के मामले में पुलिस की कार्यशैली पर भी प्रश्न चिन्ह उठने लगे है। मार्च महीने के पहले सप्ताह में अचानक गायब हुई मासूम बालिका तीसरे दिन झारसुगड़ा रेलवे स्टेशन में ओव्हरब्रिज के पास आरपीएफ जवान को मिली। पुलिस परिजनों के साथ पहुंची और छात्रा को सकुशल घर लाया। इस दौरान बालिका ने मोटरसायकल में कुछ युवकों के आने और उसे कुरकुरे खिलाकर ले जाने की जानकारी दी, लेकिन वे अपहरण कर्ता आरोपी कौन थे और कहां से आए थे इसकी जानकारी आज तक पुलिस नहीं जुटा पाई है।

### कर रहे जांच

कोटेतरा मामले में जांच चल रही है। कॉल डिटेल निकलवा रहे है। छात्रा के मामले में काउंसिलिंग कराया गया। उसके अनुसार बाइक सवार युवकों ने उसका अपहरण किया था। पतासाजी कर रहे है।

-ललित चंद्रा,
टीआई जैजैपुर

### तीन महीने के भीतर 4 हजार 650 लीटर महुआ शराब जब्त, 187 को भेजा जेल

**जांजगीर-चांपा।** शराब के अवैध बिक्री एवं भंडारण पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन महीने के भीतर 4 हजार 650 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। वहीं इस मामले में आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 187 आरोपियों को जेल भेजा गया है।

जिले में अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए जिला पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। साथ ही सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने, शराब पिलाने का साधन उपलब्ध कराने वालो के विरूद्ध भी लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला पुलिस द्वारा जिले में अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही करते हुए 1 जनवरी से 31 मार्च तक में 4 हजार 650 लीटर अवैध कच्ची महुआ, देशी प्लेन एवं अंग्रेजी शराब बरामद किया है। वहीं कुल 524 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर 187 आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया तथा 337 आरोपियों के विरूद्ध विधिवत आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

### रंगोली प्रतियोगिता व वरिष्ठ महिला मतदाता सम्मान कार्यक्रम कल

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन में जिले में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन-2024 प्रायोजनार्थ सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाने, निर्वाचन प्रकिया में सहभागिता प्राप्त करने तथा स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता हेतु 3 अप्रैल को रंगोली प्रतियोगिता व वरिष्ठ महिला मतदाता सम्मान कार्यकम जिले में ग्राम पंचायत स्तर एवं परियोजना स्तर पर आयोजित किया जायेगा।

## निर्वाचन प्रशिक्षण में अनुपस्थित 23 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

लोकसभा चुनाव को लेकर पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्य में पहले ही दिन अनुपस्थित पाए जाने पर 23 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

ज्ञात हो कि लोकसभा चुनाव के तहत जांजगीर-चांपा जिले में 7 मई को मतदान होना है। इसके लिए पीठासीन अधिकारी एवं मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण 1 से 4 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन में आगामी लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान दल का प्रथम प्रशिक्षण 1 से 4 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। 1 अप्रैल को आयोजित मतदान दल के प्रशिक्षण में 23 अनुपस्थित कर्मचारी पाए गए। प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर प्रशिक्षण केन्द्र स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय क्रमांक 01 जांजगीर में अनुपस्थित 14 कर्मचारी, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अकलतरा में अनुपस्थित 2 कर्मचारी, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बलौदा में अनुपस्थित 3 एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सारागांव में अनुपस्थित 4 कर्मचारी पाए गए। कुल 23 संबंधित अधिकारी, कर्मचारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए है।




उपमुख्यमंत्री ने ली तीनों विधानसभा की कोर ग्रुप एवं चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक

# बैठक में डिप्टी सीएम ने एक-एक कार्यकर्ताओं से चर्चा कर ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने सक्ती जिला के तीनों विधानसभा की कोर ग्रुप एवं विधानसभा चुनाव प्रबंधन समितियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने एक-एक कार्यकर्ताओं से चर्चा कर उनके कार्यों के बारे में ली जानकारी ली। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव में मिले दायित्व के अनुसार सशक्त भूमिका निभाने कहा।

उप मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ शासन के गृह मंत्री विजय शर्मा ने सक्ती जिला के तीनों विधानसभा की कोर ग्रुप एवं विधानसभा चुनाव प्रबंधन समितियों की बैठक लेने पहुंचे जहां जिले भर से पहुंचे कार्यकर्ताओं ने फ़ूल माला से स्वागत किया, फिर विधानसभा चुनाव कार्यालय सक्ती में उपमुख्यमंत्री के प्रथम आगमन पर गर्म जोशी से स्वागत किया गया।



बैठक के दौरान डिप्टी सीएम विजय शर्मा का स्वागत करते भाजपा पदाधिकारी।

बैठक प्रारंभ होने से पहले भारत माता श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय जी की तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत किए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी-अपनी जिम्मेदारियो का बोध होना चाहिए एवं लोकसभा चुनाव में सभी कार्यकर्ताओं को मिले अपने-अपने दायित्व के अनुसार सशक्त भूमिका निभाने को कहा। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं से एक-एक करके वार्तालाप कर उनके कार्यों के बारे में जाना एवं उन्हें अपना सुझाव दिए कि आगे किस तरह से कार्य करके हमें मोदी जी के सपने को साकार करना है तथा भारत को विकसित व सशक्त कर देश को अब पांचवे पायदान से तीसरे स्थान पर लाना है। सन 2014 से पहले आए दिन देश में कहीं न कहीं बम विस्फोट होते रहता था, लेकिन जब से केंद्र में मोदी की सरकार आई है तब से बंद है, इसलिए अब की बार 400 पर के लक्ष्य को हमें पूरा करके दिखाना है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सक्ती जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, लोकसभा सह संयोजक डॉ खिलावन साहू, मेघाराम साहू,श्रीमती विद्या सिदार, जिला कोषाध्यक्ष विधानसभा संयोजक सक्ती रामनरेश यादव, उपाध्यक्ष संजय रामचंद्र अग्रवाल, अमृत साहू, भाजपा महामंत्री घनश्याम साहू, श्रीमती संयोगिता सिंह जूदेव, श्रीमती उमा राठौर, रमेश सिंघानिया, कवि वर्मा, राजेंद्र राठौर, हेतराम देवांगन, सहित धनंजय नामदेव, परसन राठौर, नारायण प्रसाद राठौर सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वृद्ध से मारपीट करने वाले आरोपी को दो वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

वृद्ध से मारपीट करने वाले आरोपी को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जांजगीर सीमा कंवर ने 2 वर्ष सश्रम कारावास एवं एक हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार भाठापारा जांजगीर निवासी भागवत प्रसाद सूर्यवंशी का मिशन स्कूल के पास घर है, जहां एक ब्लाक में उसके वृद्ध पिता नत्थूराम, पुत्र राहुल, पुत्री अंजली रहते है। घर के दूसरे ब्लाक में प्रभात कुमार लाठिया किराया से रहता है । भागवत प्रसाद ग्राम जगमहंत से आना जाना करता है। 4 जून 2019 को घर के पास हो रहे निर्माण कार्य को देखरेख कर शाम को वापस ग्राम जगमहंत चला गया था। 5 जून को सुबह 11 बजे जांजगीर आया तो बेटे, बेटी बताए कि रात 12 बजे प्रभात कुमार लाठिया घर के पास तांक झांक कर रहा था तब नत्थूराम उसको बोला क्या ताक झांक कर रहे हो तो एकाएक प्रभात कुमार विवाद कर गाली देने लगा और घर के पास पड़े बांस के डंडे को हाथ में लेकर नत्थूराम के बाएं हाथ,सिर, पीठ में प्रहार किया। जिससे उससे चोटे आई। घटना की रिपोर्ट पर प्रभात कुमार के विरुद्ध भादवि की धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आहत नत्थूराम का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया जिसमें आहत के हाथ में फ्रेक्चर होने पर मामले में धारा 325 भी जोड़ी गई । शेष विवेचना पूर्ण कर चालान न्यायालय में पेश किया गया । मामले की सुनवाई के बाद न्यायालय ने प्रभात कुमार लाठिया को धारा 325 का दोषी पाया और 2 वर्ष सश्रम कारावास एवं एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर पृथक से कारावास का आदेश दिया। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी एस अग्रवाल ने किया।

## खबर संक्षेप

### यात्रियों को स्टेशन में मिलेंगे स्थानीय उत्पाद

**कोरबा।** रेलवे की व्यापक पहुंच और महत्व को ध्यान में रखते हुए स्थानीय उत्पादों को देशभर में लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से रेलवे स्टेशनों में वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टल स्थापित किए है। इस योजना के तहत बिलासपुर सहित मंडल के कोरबा, जांजगीर-नैला, अनूपपुर, पेंड्रारोड़, उसलापुर, विश्रामपुर, शहडोल, बुढ़ार, सक्ती, अम्बिकापुर, अकलतरा, चाम्पा, रायगढ़, ब्रजराजनगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म में स्थानीय उत्पाद की बिक्री के लिए कुल 17 स्टाल की सुविधा रेलवे प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई है। कोरबा सहित मंडल के बिलासपुर, रायगढ़, जांजगीर-नैला, अनूपपुर, पेंड्रारोड़, उसलापुर, शहडोल, सक्ती, अम्बिकापुर, चाम्पा, ब्रजराजनगर रेलवे स्टेशनों के स्टालों का संचालन स्थानीय स्व-सहायता समूहों तथा स्थानीय उत्पादकों द्वारा किया जा रहा है। इस योजना से स्थानीय लघुकार, कारीगरों, हस्तशिल्पों की आत्मनिर्भरता में वृद्धि हो रही है।

### तेजी से चल रहा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन

**कोरबा।** हाई और हायर सेकेंडरी कक्षा के उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 23 मार्च से जिले के दो केंद्र साडा कन्या हायर सेकेंडरी और एनसीडीसी आत्मानंद स्कूल में शुरू हुआ। दोनों केंद्रों में मूल्यांकन के लिए लगभग 300 शिक्षक चेकिंग कार्य में लगे हुए हैं। इनमें शासकीय के अलावा निजी स्कूल के शिक्षक भी शामिल हैं। बोर्ड की परीक्षा समाप्त होने के बाद अब विद्यार्थियों को परिणाम का इंतजार होने लगा है। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने मूल्यांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। साडा कन्या हायर सकेंडरी केंद्र में पहले चरण में कुल एक लाख तीन हजार 784 कापियां मिली है। इनमें ईाईस्कूल के 63 हजार 631 व हायर सेकेंडरी 40 हजार 153 कापियां प्राप्त हुई हैं। इसी तरह एनसीडीसी में भी हाई व हायर सेकेंडरी की लगभग 77 हजार कापियां मूल्यांकन के लिए मिली हैं। मूल्यांकन के लिए दी जाने वाली राशि शिक्षा मंडल ने तय कर दी है। बीते वर्ष की तरह कक्षा दसवीं की कापी के लिए 10 व बारहवीं की कापी जांचने के 11 रूपये प्रति तय किया गया है। मूल्यांकन के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। दोनों केंद्रों में लोगों के अनाधिकृत प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है।

### विश्व क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में हेमराज का चयन

**कोरबा।** विश्व क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन बेलग्रेड, सर्बिया में 30 मार्च को किया गया है। इस प्रतियोगिता में भाग ले रही भारतीय टीम की ओर से प्रतिनिधित्व करने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ी हेमराज गुर्जर का चयन किया गया है। हेमराज गुर्जर, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के लेखा (अकाउंट) विभाग में जूनियर क्लर्क के पद पर कार्यरत हैं। वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ी श्री गुर्जर, क्रॉस कंट्री में राष्ट्रीय चैंपियन हैं। क्रॉस कंट्री के विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ी का भारतीय रेलवे की ओर से चयन होने से यह रेलवे गौरवान्वित हुआ है एवं इस रेलवे के अन्य खिलाडियों का उत्साहवर्धन हुआ है।भारतीय रेलवे के साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा हमेशा से खेल एवं खिलाडियों को प्रोत्साहन दिया जाता रहा है । इसी का परिणाम है कि इस रेलवे के खिलाडियों का चयन देश विदेश में आयोजित होने वाले विभिन्न प्रतियोगिताओं में किया जा रहा है।दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाडी का विश्व क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में भारतीय रेलवे की टीम की ओर से चयन होने पर महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं अधिकारियों द्वारा हेमराज गुर्जर को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी गई है।

# श्रमिक संगठनों के विरोध के बाद आखिरकार कैडर स्कीम के लिए कमेटी गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला कर्मियो को अधिकारी पद पर प्रमोट करने 11 वें वेतन समझौते में बनाई कैडर स्कीम का यूनियन नेताओं ने विरोध किया था। इसके बाद कोल इंडिया की विभिन्न बैठकों में भी अधिकारियों के समक्ष इस मुद्दे को उठाया था। अब कोल इंडिया प्रबंधन ने नॉन एग्जीक्यूटिव कैडर स्कीम के लिए कमेटी गठित कर दी है। एसईसीएल समेत कोल इंडिया के अन्य कंपनियों के अधिकारी शामिल हैं। 45 दिनों के भीतर कैडर स्कीम के संबंध में कंपनी प्रबंधन को कमेटी अपनी रिपोर्ट देगी।

अलग खबर

एसईसीएल समेत कोल इंडिया की सहायक कोयला कंपनियों में 11 वां वेतनमान लागू कर दिया है। नॉन एमजीबी के मुद्दे में कैडर स्कीम शामिल रहा, जिसके तहत ही पात्र कोयला कर्मियों को ई-2 ग्रेड के अधिकारी बनने का मौका मिलता है। 11 वें वेतन समझौते के तहत कोल इंडिया प्रबंधन की बनाई कैडर स्कीम का विरोध हुआ। श्रमिक नेताओं ने कहा इस स्कीम से कई कर्मी पात्रता हासिल करते रिटायर हो जाएंगे और अधिकारी बनने का लाभ नहीं मिल पाएगा। यही कारण रहा कि इसका विरोध होने लगा। अब कोल इंडिया प्रबंधन ने कैडर स्कीम के लिए कमेटी गठित की है। यह कमेटी 45 दिनों के भीतर प्रबंधन को रिपोर्ट सौंपेगी। इस रिपोर्ट के आधार पर ही अधिकारी पद पर पात्र कोयला कर्मियों को प्रमोट करने कोल कंपनियों में कैडर स्कीम को लागू किया जाएगा। सूत्रों की मानें तो कोल इंडिया प्रबंधन जो कैडर स्कीम कर्मचारियों के अधिकारी पद पर प्रमोट करने बनाई है उसके ओवरमेन पद पर काम करते 3 साल का ( माइनिंग) पद पर पदोन्नति से अधिकारी बनने का मौका पा सकेगा। अनुभव जरूरी है, तभी वह ई-2 लेकिन यह अनुभव हासिल करते कई कर्मचारी रहते ही रिटायर हो जाएंगे। पहले सेकेंड क्लास की परीक्षा उत्तीर्ण होने के बाद सीनियरिटी के आधार पर अधिकारी बनने का मौका मिलता था। यही कारण है कि इस कैडर स्कीम का विरोध किया जाने लगा।

### कमेटी 45 दिनों के भीतर सौंपेगी रिपोर्ट

**खास बात**

- एसईसीएल समेत कोल इंडिया के अन्य कंपनियों के अधिकारी शामिल

कोल इंडिया
Coal India
SECL
South Eastern Coalfields Limited

**कमेटी में 10 सदस्य शामिल**

कोल इंडिया प्रबंधन के महाप्रबंधक (श्रम शक्ति व औद्योगिक संगठन) गौतम बनर्जी ने आदेश जारी किया है, जिसमें 10 सदस्यीय कमेटी गठित करने की जानकारी दी है जो नॉन एग्जीक्यूटिव वर्ग से एग्जीक्यूटिव वर्ग में पदोन्नति को लेकर है। कमेटी की ओर से 45 दिनों के भीतर रिपोर्ट कोल इंडिया प्रबंधन को सौंपेगी जाएगी। कमेटी में एसईसीएल के मुख्य प्रबंधक (पर्सनल) मनीष श्रीवास्तव भी शामिल हैं। इसके अलावा अन्य कोल कंपनियों के मुख्य प्रबंधक के अलावा सीनियर मैनेजर व मैनेजर भी शामिल हैं।

## उत्कृष्ट विद्यालय का भी नहीं मिलेगा दर्जा

# जिले में इस वर्ष नहीं खुलेंगे नए आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में नये आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल एवं उत्कृष्ट आत्मानंद विद्यालय प्रारंभ करने के विषय में विभाग द्वारा पूर्व में भेजे गए प्रस्ताव पर कोई निर्णय नहीं होने से इस वर्ष के नये शैक्षणिक सत्र से नया आत्मानंद इंग्लिश स्कूल की सौगात नहीं मिलेगी। आज 1 अप्रैल से नये शिक्षण सत्र शुरू हो रहा है और शिक्षा विभाग के पास इस संबंध में कोई भी निर्देश शासन की ओर से नहीं दिए गए हैं। विभाग यह मानकर चल रहे है कि पुराने आत्मानंद स्कूल को ही डेवलप किया जाएगा।

**खास बात**

- पूर्व में भेजे गए विभाग के प्रस्ताव पर लंबित है निर्णय

पूर्व सरकार के द्वारा इंग्लिश मीडियम निजी स्कूलों के तर्ज पर सरकारी इंग्लिश मीडियम स्कूल शुरू करने के लिए योजना तैयार करते हुए स्वामी आत्मानंद के नाम से इंग्लिश मीडियम स्कूल की शुरूआत की थी। जिले में सबसे पहले इंग्लिश मीडियम आत्मानंद स्कूल नगर निगम के वार्ड क्रमांक 14 पंप हाउस में शुरू हुआ। उसके बाद के बालको नगर एवं कटघोरा, करतला, पाली, बांकीमोंगरा में भी स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल की शुरूआत हुई। निःशुल्क अंग्रेजी शिक्षा मिलने की सुविधा को देखते हुए अभिभावकों की भीड़ प्रवेश के लिए उमड़ पड़ी। शिक्षा विभाग ने इन स्कूलों में प्रवेश के लिए लॉटरी के द्वारा प्रवेश देने की शुरूआत की थी। पंप हाउस सहित हरदीबाजार, पाली में चलने वाले आत्मानंद स्कूल को डेवलप किया गया जो निजी इंग्लिश मीडियम स्कूल की तरह लगने लगे। सुविधाओं में कम्प्यूटर लैब, लाइब्रेरी एवं स्पोर्ट्स की सुविधा दी गई। वहीं शिक्षकों की भर्ती संविदा के आधार पर की गई, किंतु विधानसभा चुनाव के पूर्व जिन आत्मानंद स्कूलों में शिक्षक भर्ती की शुरूआत हुई थी ।

वह आज तक पूरी नहीं हो सकी है। लिहाजा विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी अभी भी बनी हुई है।



पंपहाउस स्थित आत्मानंद स्कूल भवन।

**नये स्कूल के संबंध में निर्देश नहीं**

शासन के द्वारा नये शिक्षण सत्र में जिले में नये स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल शुरू करने के संबंध में कोई निर्देश नहीं मिले हैं। पुराने स्कूलों में ही प्रवेश की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

\- **टीपी उपाध्याय,** जिला शिक्षा अधिकारी

**तीन आत्मानंद स्कूल को सीबीएसई से मान्यता**

जिले में कुल 11 स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल संचालित है। जिनमें पंप हाउस, हरदीबाजार एवं पाली में संचालित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल को सीबीएसईबी बोर्ड से मान्यता मिल गई है। कोरबा जिला प्रदेश का ऐसा पहला जिला है जहां सीबीएसईबी बोर्ड ने तीन आत्मानंद स्कूल को मान्यता दी है, जबकि पूरे प्रदेश में यह संख्या चार है। जिनमें तीन कोरबा के ही शामिल है।

**अब देना होगा शुल्क**

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में अब छात्रों को अन्य शासकीय स्कूलों की तरह शासन द्वारा ली जाने वाली शिक्षण शुल्क की राशि देना होगा। हायर सेकेंडरी हाईस्कूल के लिए यह राशि 450 रूपये तय की गई है, जिसमें क्रीडा शुल्क भी शामिल है। वहीं शिक्षकों की भर्ती का अधिकार भी अब राज्य शासन अपने हाथ में ले लिया है। स्कूल में शिक्षक से लेकर स्टॉफ के अन्य पदों की भर्ती शासन द्वारा भर्ती अधिनियम के तहत की जाएगी। वर्तमान में चल रहे आत्मानंद स्कूल में नये शिक्षण सत्र में प्रवेश की प्रक्रिया फिर शुरू की जाएगी।

## नौकरी लगाने के नाम पर 7 लाख की ठगी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिंचाई विभाग एवं राजस्व विभाग में पटवारी के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर 7 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। जहां पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ढोढ़ीपारा निवासी विकास राठौर पिता दीपनारायण राठौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बुधवारी बाजार निवासी बजरंग श्रीवास द्वारा भिखारी लाल कर्ष पिता बड़कूराम से मिलवाया गया और बताया गया कि भिखारी लाल कर्ष नौकरी लगवाता है और भीखारी लाल का घर भी दिखाया था। तब विकास राठौर की बहन पिंकी रानी जो पारिवारिक विवाद के कारण तथा पति से अनबन होने के कारण अपने मायके अप्पू गार्डन के पास रहते है, उसकी परिस्थितियों को देखते हुए तथा विकास राठौर की बेरोजगारी के कारण भिखारी लाल की बातों पर विश्वास कर के 7 लाख रुपए नौकरी लगाने के नाम पर दिये थे जो क्रमशः दिसम्बर 2016 के अंतिम सप्ताह एवं 2017 के जनवरी, फरवरी माह में दी गई थी लेकिन आज दिनांक तक भिखारी लाल द्वारा नौकरी नहीं लगवाया गया है। जबकि भिखारी लाल कर्ष ने विकास राठौर को सिंचाई विभाग में पटवारी एवं पिंकी रानी को राजस्व विभाग में पटवारी के पद पर नौकरी लगवाने का आश्वासन दिया था ।लेकिन आज पर्यन्त तक भिखारी लाल द्वारा ना तो नौकरी लगवाया गया और ना ही रकम वापस किया गया। विकास राठौर की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी भिखारी लाल कर्ष के विरुद्ध धारा 420,467,468,471 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## युवक की पुलिस ने जमकर की धुनाई

**कोरबा।** एक युवक पर शराब पीकर गाली गलौज करने का आरोप था। जब पुलिस की टीम उसे पकड़ने के लिए पहुंची और उसे हिरासत में लेकर थाने लाई जहां उसकी जमकर बेरहमी से पिटाई कर दी गई है। हालांकि इस मामले में पुलिस ने युवक पर तो धारा 107, 16 की कार्रवाई की है। मामला दर्री थाना क्षेत्र के सिंचाई कॉलोनी की है। जानकारी के अनुसार सिंचाई कॉलोनी में निवासरत लोकेंद्र साहू नामक युवक पर शराब पीकर मोहल्ले में गाली गलत करने का आरोप था। दर्री थाना प्रभारी अविनाश कंवर द्वारा लोकेंद्र साहू को पकड़कर थाने लाया गया। जहां उसकी जमकर पिटाई कर दी गई। जिससे उसके शरीर पर काफी चोट के निशान साफ देखे जा सकते हैं। इस मामले को लेकर जब दर्री थाना प्रभारी अविनाश कंवर से जानकारी पूछी गई तो उन्होंने बताया कि लोकेंद्र साहू नामक युवक शराब पीकर अक्सर मोहल्ले में गाली गलौज किया करता था।

# लापरवाही : खदान में स्क्रैप कटिंग के दौरान डंपर में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा कोयला खदान के वर्कशॉप में खड़ी गाड़ी में आग लगने की घटना सामने आई है। आगजनी के बाद तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

जिले के कुसमुंडा खदान के पुराने वर्कशॉप में खड़ी सौ टन वजनी क्षमता वाले विमल कंपनी की डंफर में अचानक रविवार दोपहर भीषण आग लग गई। आग से उठने वाली धूवें के काले गुब्बार कई किलोमीटर दूर से दिखाई दे रहें हैं। बताया जा रहा है की ये डंफर सर्वे ऑफ हो चुका है। जारी निविदा के तहत इनके कटिंग का कार्य चल रहा था, ठेका कर्मचारियों द्वारा इन डम्फरों से बिना ज्वलनशील सामान निकले ही गैस युक्त कटिंग मशीनों द्वारा कटिंग किया जा रहा था, जिससे चिंगारी संभवतः डंफर के टायर और डीजल चेंबर में जा पहुंची जहां से आग ने पूरे डंफर को अपनी चपेट में ले लिया। आग की सूचना मिलते ही विभागीय फायर ब्रिगेड की वाहन मौके पर पंहुची और आग पर काबू पाया गया। जिस तरह से आग की लपटे उठी थी आसपास अन्य मशीनों को अपनी चपेट में ले सकती थी अथवा जनहानि भी हो सकती थी। निश्चित रूप से इस घटना में जिम्मेदार लापरवाह ठेका कंपनी के खिलाफ प्रबंधन को सख्ती बरतनी चाहिए।



### राइडर ग्रुप बुल्स ऑन व्हील्स के सदस्यों ने किया रक्तदान

**कोरबा।** रक्त की एक-एक बूंद कीमती है और कई बार ऐसा देखा जाता है कि हॉस्पिटल में भर्ती मरीज के परिजन इसकी जरुरत के लिए भटकने विवश होते हैं। इसी जरुरत पर फोकस करते हुए राइडर्स ग्रुप बुल्स ऑन व्हील्स की ओर से अनुकरणीय पहल की गई। स्वयंसेवी संस्था अनुग्रह फाउंडेशन के सहयोग से राइडर्स ग्रुप द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे के बीच आयोजित शिविर में कुल 20 रक्तवीरों ने रक्तदान कर समाज और मानवता के लिए अपना योगदान सुनिश्चित किया। यह रक्तदान शिविर टीपीनगर स्थित कैलाश ऑटो एजेंसी में आयोजित किया गया। युवा व्यवसायी और इंजीनियर आलोक दिवाटे ने कहा कि हमारा राइडर्स ग्रुप न केवल रोमांचक पर्यटन, रोमांचक राइड और राष्ट्रीय एकता के लिए पहल करता रहा है।

# छत्तीसगढ़ी एवं हिंदी में रिलीज होगी मेरी माँ कर्मा फिल्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मेरी माँ कर्मा नाम से 5 अप्रैल को रिलीज होने वाली फिल्म छत्तीसगढ़ी के साथ हिंदी में भी रिलीज की जाएगी। पुरानी परंपराओं पर आधारित इस फिल्म के डायरेक्टर कौस्टेन साहू, नायक शील वर्मा व नायिका कुकी स्वाइन ने प्रेस क्लब के तिलक भवन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान फिल्म के विषय में विस्तृत जानकारी दी। फिल्म में मोटिवेशन ऐसा है कि आप अपने जीवन में कुछ कर गुजरने की हिम्मत करेंगे। यह फिल्म दो भाषाओं में रिलीज हो रही है, पहला हिंदी और दूसरा छत्तीसगढ़ी। हालांकि मेकर्स सबसे पहले इस फिल्म को हिंदी पट्टी के दर्शकों के लिए रिलीज करेंगे और फिर इसे छत्तीसगढ़ी में रिलीज किया जाएगा। यह पॉपकॉर्न की पहली फिल्म नहीं है। इसके पहले ले चलहुं अपनी दुआरी का भी निर्माण कर चुके हैं। आदि काल से ही महिलाएं पुरुषों का साथ देती आ रही हैं। दोनों एक ही गाड़ी के पहिए हैं। अगर एक हट जाए तो गाड़ी आगे बढ़ना मुश्किल होगा। ऐसे में अब दौर ऐसा है कि महिलाओं पर केंद्रित फिल्में भी आनी चाहिए। इस फिल्म में ऑन और ऑफ स्क्रीन दोनों ही जगहों पर महिलाओं ने बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस फिल्म को 25 साल की सिनेमैटोग्राफर आरुषि ने शूट किया है। मेरी मां कर्मा के बारे में यह कहना बिल्कुल गलत नहीं होगा कि यह एक महिला केंद्रित फिल्म है।

**खास बात**

- प्रेस वार्ता में फिल्म कलाकारों ने दी जानकारी


मीडिया से चर्चा करते छत्तीसगढ़ी फिल्म के निर्माता।

# मसीही समाज ने धूमधाम से मनाया ईस्टर पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिलेभर के मसीही समाज ने रविवार को धूमधाम से यीशु मसीह के पुनरुत्थान पर्व ईस्टर का आयोजन किया गया। इस दौरान विशेष आराधना में अपने आराध्य के वचनों को स्मरण किया गया। समस्त मेनोनाइट चर्च, समस्त आईपीसी चर्च, समस्त कैथोलिक चर्चों, प्रार्थना भवन कोरबा आईटीआई, कोसाबाड़ी निर्मला चर्च कम्यूनिटी चर्च आदि समेत सभी चर्चों में इस ईस्टर के पर्व में विशेष आराधना एवं प्रीतिभोज का आयोजन किया गया।

विभिन्न चर्चों में पादरियों, फादर एवं पासबानों ने मसीही धर्मशास्त्र से बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान के संदेश का वाचन किया एवम इस संबंध में समस्त ऐतिहासिक घटनाओं का वर्णन किया। जिले मुख्यालय के साथ साथ आस पास के दीपका, कटघोरा, बांकीमोंगरा, कुसमुंडा, पाली, बालको आदि दूरस्थ क्षेत्रों की कालिसयाओं में भी इस दिन विशेष आयोजन किया गया। आल छत्तीसगढ़ क्रिस्चियन कम्यूनिटी कॉन्फ्रेंस के जिलाध्यक्ष सिमोन फ्रांसिस ने बताया की ईस्टर का पर्व सभी ईसाई विश्वासियों द्वारा मनाया जाने वाला त्यौहार है। इसमें मसीही समुदाय वैश्विक अमन शांति मेल मिलाप एवं आत्मिक सामाजिक उन्नति के लिए प्रार्थना करते हैं। इस दिन विशेष आराधना एवं प्रीतिभोज का आयोजन किया जाता है। प्रभु यीशु मसीह का संदेश था की पूरा विश्व सत्य को जाने एवम सत्य का अनुसरण करे।

**खास बात**

- सभी चर्चों के विशेष आराधना में दिया गया यीशु मसीह के पुनरुत्थान का संदेश



ईस्टर पर्व पर एकजुट मसीही समुदाय के लोग।

**क्यों मनाते हैं ईस्टर संडे?**

पहली शताब्दी में जन्मे प्रभु यीशु मसीह प्रेम, शांति और सेवा के प्रतीक थे। तत्कालीन रोमन साम्राज्य को ये बात रास नहीं आई इसलिए दुनिया को प्रेम और करुणा का संदेश देने वाले प्रभु यीशु को धार्मिक कट्टरपंथियों ने सूली पर चढ़ा दिया। जिस दिन प्रभु यीशु को सुली पर चढ़ाया गया उस दिन शुक्रवार था। जब प्रभु यीशु को सूली पर चढ़ाया गया तो उनके अनुयाई निराश हो गए और उनके बलिदान दिवस को गुड फ्राइडे के रूप में मनाने लगे। हालांकि इसके तीन दिन बाद यानी रविवार को प्रभु यीशु फिर से जीवित हो उठे। इसके बाद उनके अनुयाइयों में खुशी की लहर दौड़ गई। इसके बाद से ही मसीही धर्म अस्तित्व में आया एवं प्रभु यीशु मसीह के शिष्य यीशु मसीह के जीवित होने का प्रचार करते हैं । एवं उनके पुनरुत्थान दिवस को विश्व भर के मसीही अनुयायियों में ईस्टर के पर्व के रूप में मनाया जाता है।

### विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**कोरबा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कोरबा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें माननीय न्यायाधीश श्रीमती ज्योति अग्रवाल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) के द्वारा अपने उद्बोधन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे समस्त प्रशिक्षाणार्थियों से कहा गया कि आप देश के भविष्य हैं, आपको अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहना होगा। आपके आसपास कोई घटना दुर्घटना होती है तो आपके आगे चलकर घायल की मदद करना चाहिए, उन्हें अस्पताल ले जाएं व कभी भी यदि आवश्यकता हो तो गवाही देने से इंकार नहीं करना चाहिए, जिससे अपराध करने वालों को सजा दी जा सकें। आप कभी न सोचे की छोड़ो मुझे क्या करना है। आपकी सजगता ही न्याय दिलाने में मददगार साबित होगी। अक्सर देखा गया है कि न्यायालय में प्रकरण तो आते है लेकिन गवाही के अभाव में अपराधी छूट जाते है।

जाँजगीर मार्केट


आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
प्रो. आदित्य सिंघानिया मो.6260115021
छड़, सीमेंट, टीन, लोहा पाईप एवं बिल्डिंग मटेरियल
विशेष-इंटीरियर एवं डेकोरेड
डीलर-अग्नि शमन यंत्र (फायर सेफ्टी)
प्लाई, सनमाईका, सेन्टिग प्लाई
विशेष-घर बनाना हुआ आसान, रिंग सरिया छड़ द्वारा निर्मित जाली कालम बीम आर्डर पर सभी साईज में बनाया जाता हैं।
संबंधित प्रतिष्ठान
सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग
सभी प्रकार की लकड़ियां कम दर में प्राप्त करें
प्रो. शंकर सिंघानिया मो. 9302362173

TOP IN JANJGIR

कोसा साड़ी शो-रूम
महेशराम देवांगन एंड ब्रदर्स
• हैण्डलूम कोसा (टसर) सिल्क साड़ी (हैण्डलूम, हैण्डब्लॉक प्रिंट, एम्ब्राइडरी)
• मलबरी सिल्क साड़ी • फैंसी सिल्क साड़ियाँ • सलवार सुट
• दुपट्टा • शॉल • ड्रेस मटेरियल • फर्निशिंग कपड़े इत्यादि
पोस्ट ऑफिस के सामने, गौशाला रोड, चाम्पा 495 671 (छ.ग.)
Ph. 07819 245152, 245661, Mob. : 9425505875, E-mail : maheshramdewangan1@gmail.com

1 APR-Jash-RAGH-CORIY-JANJ- Bhoomi pg-3_Layout 1 4/1/2024 8:22 PM Page 1





# मंकी मैन की रिलीज डेट पर लटकी तलवार

**मुंबई।** देव पटेल की मच अवेटेट फिल्म 'मंकी मैन' रिलीज को पूरी तरह से तैयार है। अमेरिका और अन्य प्रमुख देशों में यह फिल्म 5 अप्रैल को रिलीज होगी, जबकि भारत में इसे 19 अप्रैल को रिलीज होना था। लेकिन अब भारतीय ऑडियंस को फिल्म देखने के लिए और लंबा इंतजार करना पड़ेगा। यूनिवर्सल पिक्चर्स इंडिया के लेटेस्ट सोशल मीडिया पोस्ट में 'मंकी मैन' की रिलीज डेट को बदल दिया गया है और लिखा है कि फिल्म जल्द ही रिलीज होगी, लिखा हुआ है। इसके बाद से अटकलें लगाई जा रही हैं कि फिल्म का 19 अप्रैल को भारत में रिलीज नहीं हो पाएगी।

लाइफ Style

# कृति

## विद्या संग काम करने की चाह

अभिनेत्री कृति सेनन लगभग दो महीने के अंतराल में बैक-टू-बैक रिलीज के साथ आगे बढ़ रही हैं। क्रू में करीना कपूर और तब्बू के साथ काम करने के बाद, कृति ने अब बहुमुखी विद्या बालन के साथ काम करने की इच्छा व्यक्त की है। मीडिया से बातचीत के दौरान कृति ने कहा, मुझे विद्या बालन के साथ काम करना अच्छा लगेगा। मुझे लगता है कि वह ऐसी शख्स हैं, जिनकी मैं वास्तव में प्रशंसा करती हूं, उनके व्यक्तित्व और अभिनेता के लिए। इसलिए उम्मीद है कि कोई तो स्क्रिप्ट लिखेगा।

मुंबई। कृति ने काजोल संग स्क्रीन शेयर पर कहा, दिलवाले में हमारे बहुत कम दृश्य थे। इसलिए मैंने सोचा कि यह एक उचित फिल्म थी, जिसमें मैंने उनके साथ काम किया। दो पत्ती में हमारे बहुत इंटेंस सीन हैं। मुझे उनके साथ काम करके बहुत मजा आया और मुझे लगता है कि वह हमारे अब तक के सबसे बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक है। मुझे उनके साथ काम करना और भी ज्यादा पसंद है क्योंकि वह हमेशा सीन के लिए कुछ न कुछ लेकर आती हैं। वह मुझसे यह भी कहती थी मुझे लगता है कि तुम्हें यहीं ऐसा करना चाहिए और शायद अगर आप इस तरह व्यवहार करते हैं, तो यह बेहतर हो सकता है। वहीं कृति ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें अभिनेत्री 'क्रू' पर दर्शकों का रिएक्शन जानने थिएटर पहुंचती है और उनसे खूब सारी बातें भी करती नजर आ रही हैं। इतना ही नहीं इस दौरान कृति को दर्शकों के बीच एक पायलट भी मिलते हैं, जिससे अभिनेत्री मस्ती-मजाक में मांफी भी मांगती नजर आ रही हैं। इस वीडियो के कैप्शन में लिखा- वे हंसे, मैं मुस्कुराया! यह प्यार मेरे पूरे क्रू के लिए है!! देवियों!! उड़ान भरी हुई है और यह प्यार और हंसी से भरी है।



## हॉलीवुड मसाला



# अब ओटीटी पर धूम मचाएगी मैडम वेब

मुंबई। मार्वल की फिल्म मैडम वेब ने सिनेमाघरों के बाद ओटीटी स्पेस में भी कदम रख दिया है। प्राइम वीडियो ने जानकारी दी कि फिल्म प्लेटफॉर्म पर आ गई है, लेकिन ग्राहकों के लिए अभी फ्री नहीं है। मैडम वेब को प्राइम स्टोर में जोड़ा गया है, जिसका मतलब है कि ग्राहकों को इसे देखने के लिए पैसे खर्च करने होंगे। फिल्म में फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे फेम डकोटा जॉनसन मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म प्राइम वीडियो स्टोर पर 13 भाषाओं में उपलब्ध है, जबकि इसे 14 भाषाओं में सबटाइटल के साथ देखा जा सकता है।



# मैदान का वीडियो जारी अजय का अनोखा अंदाज

मुंबई। अजय देवगन की अगली मूवी 'मैदान' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है, जो कुछ ही दिनों में रिलीज होने के लिए तैयार है। मैदान एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसमें अभिनेता सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाते नजर आएंगे। अब हाल ही में अजय ने फिल्म की रिलीज से पहले अपनी भूमिका की एक झलक दिखाते हुए एक वीडियो शेयर किया है। अभिनेता अजय देवगन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में उनकी एंट्री दिखाई गई है। साथ ही वह अपने खिलाड़ियों से बात करते भी नजर आ रहे हैं। अभिनेता कहते हुए सुनाई देते हैं कि सोच एक, समझ एक, दिल एक, दिमाग एक, इसलिए आज मैदान में उतरना 11, लेकिन दिखना सिर्फ एक। मैदान 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



# ब्रेकअप के बाद सुसाइड करना चाहती थीं रवीना?

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन अक्सर बहुत ही बेबाकी से अपने राय रखने के लिए जानी जाती हैं। वो अक्सर अपने पर्सनल लाइफ से जुड़े मुद्दों पर खुलकर बात करती नजर आती हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में अक्षय कुमार से ब्रेकअप के बाद सुसाइड की खबरों को लेकर जवाब देती नजर आई हैं। रवीना से जब इंटरव्यू में सुसाइड करने के रूमर्स से जुड़ा सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि एक मैगजीन ने स्टोरी कर दी थी, जिसमें कहा गया था कि सगाई टूटने के बाद उन्होंने सुसाइड करने की कोशिश की थी। रवीना ने इस स्टोरी को क्लियर करते हुए बताया कि ऐसा कुछ नहीं था, वो अस्पताल में थीं, क्योंकि वो बीमार थीं। असलियत में वो मेनिनजाइटिस से पीड़ित थीं। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि इस बात को साबित करने के लिए उनके पास अस्पताल के सभी रिपोर्ट्स हैं। वो इतनी कमजोर नहीं कि जीवन की एक सिचुएशन से परेशान होकर आत्महत्या करने की सोचें।




# विजय ने किया फ्यूचर प्लांस का खुलासा

**मुंबई।** पॉपुलर साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना अक्सर अपने डेटिंग रूमर्स को लेकर चर्चा में रहते हैं। ऐसे में अक्सर उनसे सवाल किया जाता है कि आखिर दोनों कब शादी कर रहे हैं। आखिरकार एक्टर ने अपने फ्यूचर प्लांस का खुलासा किया है। विजय देवरकोंडा इन दिनों मृणाल ठाकुर के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म फैमिली स्टार के प्रमोशन को लेकर व्यस्त हैं। फिल्म प्रमोशन के इवेंट में जब एक्टर से उनके शादी करने के प्लान्स के बारे में पूछा तो एक्टर ने कहा कि वो जल्द शादी कर के पिता बनना चाहते हैं। विजय ने सिर्फ अपनी ख्वाहिश के बारे में ही नहीं बताया, उन्होंने ये भी कहा कि वो लव मैरिज ही करेंगे। ये कहकर देवरकोंडा ने अपने और रश्मिका के रिलेशनशिप रूमर्स पर मोहर लगाई है। एक्टर ने इतना तक कह दिया कि वो अपनी गर्लफ्रेंड से तभी शादी करेंगे, जब उनके माता-पिता इस रिश्ते के लिए तैयार हो जाएंगे।

# आलिया ने वंचित बच्चों के लिए जुटाया फंड



**मुंबई ।** एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने लंदन में चल रहे चैरिटी इवेंट होप गाला को होस्ट किया। उन्होंने इस इवेंट में भारत में वंचित बच्चों के लिए काम करने वाले सलाम बॉम्बे फाउंडेशन की मदद करने के लिए फंड जुटाया। आलिया ने कहा, मुझे इन बच्चों की कहानियों को नया आकार देने में मदद करने में एक छोटी सी भूमिका निभाकर खुशी हुई है। आज हमारे प्रयासों की शुरुआत है और लोगों के समर्थन से मुझे विश्वास है कि हम आने वाली पीढ़ियों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण प्रगति करेंगे। आलिया ने कहा, सलाम बॉम्बे फाउंडेशन और मंदारिन ओरिएंटल होटल ग्रुप के सहयोग से चैरिटी इवेंट को होस्ट करना मेरे लिए खास एक्सपीरियंस रहा है। मैं लंबे समय से भारत की मलिन बस्तियों में युवाओं के उत्थान, आशा और अवसर प्रदान करने के लिए पद्मिनी सेखसरिया के अटूट समर्पण की प्रशंसा करती रही हूं।



# पांच भाषाओं में प्रदर्शित होगी रामचरण की गेम चेंजर

**मुंबई।** आरआरआर के बाद रामचरण की अगली फिल्म गेम चेंजर है, जिसे निर्देशक शंकर ने निर्देशित किया है। रामचरण की 'गेम चेंजर' बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म की शूटिंग पिछले तीन साल से हो रही है और प्रशंसक तंग आ चुके हैं, क्योंकि उन्हें अभी तक रिलीज डेट का पता नहीं चल पाया है। फिल्म के प्रोड्यूसर दिल राजू का कहना है कि फिल्म की रिलीज डेट लगभग लॉक हो चुकी है। हाल ही में एक प्रेस मीट में बात करते हुए दिल राजू ने पुष्टि की कि गेम चेंजर पांच भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन एस. शंकर कर रहे हैं।



# प्रियंका और परिणीति के रिश्ते में आई खटास?

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा अपनी बेटी मालती और पति निक जोनस के साथ इंडिया आई थीं। भले अब एक्ट्रेस वापस अपने ससुराल चली गई हैं, लेकिन उनके इस दौरे के बाद से परिणीति चोपड़ा संग उनके रिश्ते में खटास की खबरों को हवा मिल गई है। ना तो प्रियंका अपनी बहन परिणीति की शादी में शामिल हुई थीं, ना ही वो अब शादी के बाद उनसे मिलीं। जब एक्ट्रेस ने इस बार अपना ज्यादा से ज्यादा वक्त अपने परिवार के साथ बिताया। मगर फिर भी दोनों बहनों ने भारत में होने बावजूद एक-दूसरे से मिलने की कोशिश नहीं की। ऐसे में नेटिजन्स के मन में यह सवाल खड़े हो रहे हैं।



# आदुजीविथम-द गोट लाइफ का कलेक्शन 50 करोड़ के पार

मुंबई। साउथ स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म 'आदुजीविथम-द गोट लाइफ' बॉक्स ऑफिस पर जमकर कहर बरपा रही है। देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी मलयालम भाषा में बनी इस फिल्म का डंका बज रहा है। तीन दिनों में 'आदुजीविथम-द गोट लाइफ' ने देशभर में 20 करोड़ के आंकड़े को पार कर लिया है। पृथ्वीराज सुकुमारन ने 'आदुजीविथम-द गोट लाइफ' की वर्ल्डवाइड कलेक्शन की जानकारी दी है, जिसके मुताबिक, फिल्म ने तीन दिनों में दुनियाभर में 50 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। रिपोर्ट के मुताबिक आदुजीविथम-द गोट लाइफ ने तीन दिन में हिंदी सहित सभी भाषाओं में 7.75 करोड़ की कमाई की है।

## बच्चे की मौत का रहा गम, अमिताभ ने जिसे माना गॉडफादर

# ऐसा था जलवा, हीरो से ज्यादा फीस लेते थे महमूद

मुंबई। कॉमेडियन का नाम आता है तो जेहन में महमूद का नाम सबसे पहले आता है। उनकी एक्टिंग का कोई जवाब नहीं था, हर कोई उनकी बेमिसाल अदाकारी का दीवाना था। एक कॉमेडियन का किरदार निभाने वाले एक्टर के नाम से ही फिल्में हिट हो जाया करती थीं। यही वो वजह थी, जिसकी वजह से वो हीरो से भी ज्यादा फीस वसूलते थे। कहा जाता है कि सदी के महानायक अमिताभ बच्चन उन्हें अपना गॉडफादर मानते थे, क्योंकि उन्होंने अभिनेता की उनके करियर में काफी मदद की थी।



### पोलियो ग्रस्त बेटे का था गम

कम ही लोगों को पता होगा कि महमूद के 8 बच्चों में से एक को पोलियो था। फिल्म कुंवारा बाप में अभिनेता ने एक गरीब रिक्शेवाले का किरदार अदा किया था, जिसके बेटे को पोलियो होता है। इसमें उनके बेटे का किरदार उनके असली बेटे ने निभाया था। अपने बेटे के इलाज के लिए एक पिता सब कुछ करता है लेकिन अंत में हार ही हाथ लगती है और वो अपना बेटा खो देता है। ये फिल्म देखने वालों की आंखों में आंसू आ गए थे, और मूवी ब्लॉकबस्टर हिट साबित हुई, जिसने कमाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए।



### कॉमेडियन, जो देता था सुपरस्टार्स को टक्कर

महमूद मूवी में है या नहीं। उनके नाम से ही मूवी हिट हो जाती थी। फिल्मों के पोस्टर में अभिनेता के होने से उसकी वैल्यू और भी ज्यादा बढ़ जाती थी। अभिनेता हीरो से ज्यादा फीस वसूलते थे। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म 'किस्मत' के बाद महमूद ने एक्टिंग छोड़ दी थी। अपने परिवार की आर्थिक तंगी को देखते हुए एक्टर ने कई छोटे-मोटे काम करने शुरू कर दिए। दो वक्त की रोटी खाने के लिए उन्होंने निर्देशक राजकुमार संतोषी के पिता पीएल संतोषी की गाड़ी चलाई और एक ड्राइवर बन गए। यही नहीं घर चलाने के लिए उन्होंने अंडे भी बेचे और टैक्सी भी चलाई।

### 40 साल के करियर में की 300 से अधिक फिल्में

महमूद का पूरा नाम महमूद अली था, जिनका जन्म सितंबर 1932 में हुआ था। एक्टर ने मीना कुमारी की छोटी बहन से शादी की थी, हालांकि उन्होंने दो शादी की थी, दूसरी बीवी का नाम ट्रेसी अली था। अभिनेता के टोटल 8 बच्चे थे। अपने 40 साल के फिल्मी करियर में उन्होंने 300 से भी ज्यादा फिल्मों में काम किया। अपने फिल्मी करियर की शुरुआत उन्होंने साल 1943 में आई फिल्म बॉम्बे टॉकीज से की थी, जिसमें वो बच्चे ही थे। भारत के राष्ट्रीय हास्य अभिनेता के रूप में इस महान अभिनेता को जाना जाता था।

**खबर संक्षेप**

## सर्वे कर मोतियाबिंद मरीजों का कर रहे चिन्हांकन



**अकलतरा।** मोतियाबिंद मुक्त हेतु विकासखंड अकलतरा में मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन के लिए जिला चिकित्सालय विकासखंड के विभिन्न ग्राम के मरीज का ऑपरेशन होना है। विकासखंड के नेत्र सहायक अधिकारियों द्वारा मोतियाबिंद के मरीजों की जांच विभिन्न ग्राम पंचायत में सर्वे किया जा रहा है। चिन्हित मरीजों को प्रत्येक गुरुवार को ऑपरेशन हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुबह 9 बजे आना है। मरीजों की जांच करने के पश्चात शासकीय वाहन से निःशुल्कजिला चिकित्सालय मरीज को जाने की सुविधा रहेगी। विकासखंड अकलतरा के नेत्र सहायक अधिकारी आरके यादव, प्रीतेश सिंह चंदेल, डी आर भारते, बबिता पाटले, सत्यजीत कुर्रे, मोतियाबिंद मुक्त करने हेतु सर्वे कार्य में जुटे हुए हैं।

## सिवनी में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरु



**बहेराडीह।** ग्राम पंचायत सिवनी के बंगला चौक पर सार्वजनिक भागवत कथा का आयोजन किया गया है। भागवत कथा का शुभारंभ गांव में भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। कलश यात्रा में समाजसेवी डॉ सुरेश कुमार देवांगन समेत स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। कलश यात्रा के पश्चात स्थानीय कथावाचक पंडित अशोक कुमार तिवारी ने वेदी पूजन करते हुए कथा का शुभारंभ किया गया। भागवत कथा 7 अप्रैल तक होगी।

## भैरवी का नवोदय विद्यालय चिस्दा में हुआ चयन

**तालदेवरी।** एम. वाय. डी. कान्वेंट स्कूल छपोरा में अध्ययनरत छात्रा कु. भैरवी बंजारे का चयन नवोदय



विद्यालय चिस्दा में हुआ है। प्राथमिक शाला बोरसी में पदस्थ शिक्षक गोंसाईराम बंजारे की पोती कु. भैरवी बंजारे का चयन नवोदय विद्यालय चिस्दा में हुआ है। भैरवी के पिता प्रदीप बंजारे पशु चिकित्सक है तथा माता श्रीमती उषा बंजारे शिक्षिका है। नवोदय विद्यालय में चयन होने पर सभी प्रसन्नता व्यक्त की है।

## हनुमान जन्मोत्सव पर प्रज्जवलित होंगे संकट निवारण मनोकामना दीप

**जांजगीर-चांपा।** हनुमान की जन्मोत्सव के पावन अवसर पर श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर रेस्ट



हाउस के सामने जांजगीर में दो दिवसीय संकट निवारण मनोकामना दीप दान महायज्ञ का आयोजन 22 एवं 23 अप्रैल को किया जाएगा। विगत वर्ष के भांति इस वर्ष भी कालो के काल भगवान भोलेनाथ महादेव के ग्यारहों रुद्र के अवतारी राम भक्त हनुमान की जन्मोत्सव के पावन अवसर पर श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर रेस्ट हाउस के सामने जांजगीर में दो दिवसीय संकट निवारण मनोकामना दीप दान महायज्ञ का आयोजन 22 अप्रैल सोमवार से 23 अप्रैल मंगलवार तक रखा गया है। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के पुजारी किरण कुमार मिश्रा ने बताया कि हनुमान जी को दीपदान देने का कार्यक्रम सन 2007 में जांजगीर कलेक्टर सोनमणी बोरा के द्वारा दीप जलाकर आरंभ किया गया तब से हनुमत भक्तों के द्वारा हनुमानजी को हनुमान जनमोत्सव पर दीप दान दिया जा रहा है। दीपदान का कार्यक्रम सत्रहवें वर्ष में प्रवेश करेगा। हनुमानजी का जन्म दिवस मंगलवार को माना जाता है। इस वर्ष हनुमान जी का जन्मोत्सव कार्यक्रम मंगलवार को ही होगा।

ट्रेनिंग की बारीकियों को गंभीरता से समझने के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने किया मतदान दलों के प्रशिक्षण का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



प्रशिक्षण के दौरान मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों से जानकारी लेते कलेक्टर आकाश छिकारा।

लोकसभा चुनाव के लिए मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण सोमवार से प्रारंभ हुआ। कलेक्टर ने मतदान दलों के प्रशिक्षण का अवलोकन किया, वहीं प्रशिक्षण की बारीकियों को गंभीरता से समझने के निर्देश दिए।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान दल का प्रथम प्रशिक्षण 01 से 04 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर आकाश छिकारा ने बलौदा विकासखंड के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बलौदा एवं अकलतरा विकासखंड के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अकलतरा में मतदान प्रक्रिया के संबंध में दिए जा रहे प्रशिक्षण का जायजा लिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस पी वैद्य सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से मतदान कराने प्रशिक्षण की बारीकियों को गंभीरता से समझने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान दल का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षाणर्थियों से कहा कि निर्वाचन से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों की जानकारी बेहतर तरीके से प्राप्त करे। इसके साथ ही प्रशिक्षण स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जांजगीर क्रमांक 01, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पामगढ़ एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सारागांव में भी आयोजित किया गया है। कलेक्टर ने कहा कि मतदान दलों को अनुशासित होने के साथ ही नियम एवं प्रक्रिया की जानकारी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए यह जरूरी है कि सभी अधिकारी प्रशिक्षण के दौरान बताई गई बातों को ध्यानपूर्वक सुनें, समझें एवं अमल में लाएं। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को ईवीएम और वीवीपैट, बैलेट यूनिट मशीन की गतिविधियों को स्वयं संचालित कर देखने कहा। लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदान दलों को प्रोजेक्टर के माध्यम से व्यवस्थित तरीके से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मतदान सामग्री, ईवीएम, मतदाता सूची, मतदान केन्द्र से संबंधित आवश्यक तैयारी, मॉकपॉल, सीआरसी करना, मशीन सील करना एवं क्लोज करना तथा पत्रक पर हस्ताक्षर करने सहित बारीकी से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल कुमार रावटे, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती आराध्या राहुल कुमार सहित जिला स्तरीय अधिकारियों ने मतदान दल प्रशिक्षण का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही सभी प्रशिक्षण केन्द्रो में शत प्रतिशत मतदान हेतु शपथ भी दिलाई जा रही है।

## नगर में प्रतिबंध के बाद भी हो रहा पालिथीन का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण



पॉलीथिन के उपयोग पर प्रतिबंध के बाद भी शिवरीनारायण नगर में इसका असर दिखाई नहीं दे रहा है। हर जगह पॉलीथिन का उपयोग धड़ल्ले से हो रहा है। किराना सामान खरीदना हो या फिर सब्जी, फल हों या अन्य सामग्री, हर जगह अमानक स्तर की पॉलीथिन उपयोग की जा रही है।

नगर के सफाईकर्मी नगर से जो कचरा एकत्रित करते हैं,उनमें पॉलीथिन की मात्रा अधिक होती है। सफाई कर्मी यह कचरा जहां फेंकते हैं तो हवा से यह पॉलीथिन सड़कों पर पसरी हुई नजर आती है। दुकानदार रोक के बाद भी लगातार पॉलीथिन का उपयोग धड़ल्ले से कर रहें, जिसके कारण नगर के नालों से लेकर कचरे के ढेरों तक सिर्फ पॉलीथिन ही नजर आती है, लेकिन इसके बाद भी नगर में पॉलीथिन के उपयोग पर रोक नहीं लग पा रही है। इधर दुकानदारों का कहना है कि पॉलीथिन का उपयोग तो सरकार ने बंद कर दिया है, लेकिन इसका विकल्प वह अभी तक नहीं दे पायी है। जो विकल्प है भी, वह काफी महंगा है। छोटे दुकानदारों के लिए जुट का थैला रखना संभव नहीं है। पॉलीथिन पर प्रतिबंध की घोषणा के बाद सरकार ने कैरी बैग के विकल्प पर कोई ध्यान नहीं दिया है। यही वजह है कि प्रतिबंध के बाद लोगों को पॉलीथिन के विकल्प का अब तक इंतजार बना हुआ है। ऐसे में पॉलीथिन का प्रतिबंध के बाद भी इस्तेमाल हो रही है। इसके अलावा इसके निर्माण पर पाबंदी लगाने की जरूरत है। पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार सरकार ने तो पॉलीथिन पर प्रतिबंध लगा दिया है, लेकिन आम लोग अभी तक इसके लिए तैयार नहीं हुए हैं। वे आज भी बिना थैला लिए घर से निकलकर बाजार आ रहे हैं। जबकि होना यह चाहिए कि आम आदमी घर से थैला लेकर आए। आमजन को खुद भी अपनी मानसिकता में बदलाव करना होगा। इसके लिए प्रशासन की ओर से जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। जिस तरह से प्रशासन की ओर पॉलीथिन में सामग्री बेचने वाले दुकानदारों से जुर्माना वसूली हो रही है, उसी तरह पॉलीथिन में सामान की खरीदारी करने वाले उपभोक्ता पर भी जुर्माना का प्रावधान होना चाहिए तभी यह अभियान सफल होगा।

**मवेशियों के लिए खतरा-**खाद्य सामग्री के लालच में पॉलीथिन को मवेशी भी खा लेते हैं। इससे इनकी जान को भी खतरा रहता है। कई बार मृत जानवर के पोस्टमार्टम में मवेशी के पेट में पॉलीथिन निकली है। प्लास्टिक के इधर-उधर बिखरे होने से पर्यावरण को काफी नुकसान हो रहा है। इसके चलते नालियां भी चोक हो जाती हैं। नदी और नालों में भी बड़ी मात्रा में पॉलीथिन और डिस्पोजल पड़े रहने से पानी निकासी में दिक्कत होती है। डिस्पोजल और प्लास्टिक का सबसे अधिक उपयोग पार्टियों और विवाह आयोजनों में होता है।



## राम जानकी मंदिर में धूमधाम से मनाया गया रंगपंचमी उत्सव

**बाराद्वार।** स्थानीय राम जानकी मंदिर में धूमधाम से रंगपंचमी उत्सव मनाया गया। महिलाओं ने भगवान कृष्ण की पूजा-अर्चना कर जमकर रंग-गुलाल उड़ाया और सुगंधित फूलों की होली खेली। नगर के मंदिरों में शनिवार को महिलाओं की भीड़ रही , उन्होंने पारंपरिक रंग पंचमी के अवसर पर राधा रानी और भगवान कृष्ण की पूजा-अर्चना कर अबीर गुलाल लगा कर एक-दूसरे को बधाइयां बांटीऔर फ़ाग के साथ भजन गया। ऐसी मान्यता है कि होली त्योहार के पांचवे दिन कन्हैया ने राधा रानी अर्थात गोपियों के साथ रंग पंचमी का उत्सव मनाया था। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दीपिका शर्मा , सरिता अग्रवाल , निधि अग्रवाल , अनिता अग्रवाल , पप्पी राय , किरण शर्मा , शीतल शर्मा आदि शामिल रहीं।

## रीजन कांफ्रेंस में लायंस क्लब को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

■ कोरबा में हुआ लायंस क्लब इंटरनेशनल की रीजन कान्फ्रेस का आयोजन

लायंस क्लब इंटरनेशनल की रीजन कान्फ्रेस का आयोजन कोरबा में रविवार 31 मार्च को संपन्न हुआ जिसमें रीजन के सभी क्लब सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में लायंस डिस्ट्रिक्ट 3233 - सी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन शैलेश अग्रवाल तथा रीजन चेयर परसन लायन पवन शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम में लायंस क्लब चांपा को अनेक अवार्ड से सम्मानित किया गया। इनमें प्रमुख रूप से लायंस क्लब चांपा को ह्यूमेटेरियम अवार्ड, बेस्ट स्क्रेब बुक, बेस्ट फोटो एलबम, बेस्ट बैनर प्रेजेन्टेशन एवं समर्पण अवार्ड से सम्मानित किया गया। लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन ने उक्त अवार्ड प्राप्त करते हुए कहा कि यह लायंस क्लब चांपा के लिए गौरव की बात है। लायंस क्लब चांपा को स्थाई सेवा गतिविधि के रूप में लायंस स्कूल के संचालन के लिए भी पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा क्लब को व्यक्तिगत स्तर पर लायन बजरंग अग्रवाल को लाईफ टाईम अचिवमेंट अवार्ड, लायन राजेश अग्रवाल को जी.एम.टी. अवार्ड, लायन संतोष कुमार सोनी को बेस्ट सचिव अवार्ड, लायन शैलेश बाजोरिया को बेस्ट कोषाध्यक्ष अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लायन सी.ए. सुरेश अग्रवाल एवं लायन उत्तमप्रकाश देवांगन को भी सम्मानित किया गया। लायंस क्लब चांपा को रीजन कांफ्रेंस में क्लब तथा व्यक्तिगत स्तर पर अनेक सम्मान प्राप्त होने पर पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल ने लायंस क्लब चांपा को शुभकामनाएँ प्रदान की। अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन एवं सचिव लायन संतोष कुमार सोनी ने सभी लायन साथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए क्लब की सेवा गतिविधियों में सक्रिय सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।



रीजन कांफ्रेंस में लायंस क्लब को प्राप्त एवार्ड।

## सेवानिवृत्त होने पर पम्प अटेंडेंट एवं उप राजस्व निरीक्षक को दी गई विदाई

**जांजगीर-चांपा।** नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला में पदस्थ पम्प अटेंडेंट मनोद कुमार राठौर एवं उप राजस्व निरीक्षक दुखीराम निषाद 31 मार्च को सेवा निवृत्त होने पर सोमवार 1 अप्रैल को नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला के सभाकक्ष में नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला के मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रहलाद पांडेय द्वारा साल श्रीफल एवं पुष्प माला पहनाकर विदाई दी गयी। विदाई समारोह के दौरान उपस्थित नगर पालिका के कमर्चारियों को संबोधित करते हुए सीएमओ श्री पांडेय ने कहा कि मनोद कुमार राठौर एवं दुखीराम निषाद नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला के सबसे पुराने कमर्चारी रहे, जो अपने जीवन काल के लगभग 35 से 40 साल पालिका में अपनी सेवाएं दे रहे थे, जो आज सेवानिवृत्त होने पर उन्हें विदाई दिया जा रहा हैं। नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला में आयोजित, विदाई समारोह वार्ड नं 11 के पाषर्द जितेंद्र देवांगन, इंजी. शिवा बर्मन, नारायण आदित्य, सहायक राजस्व लालू बैस, एकाउंटेंट ज्ञानेंद्र कुर्रे, लेखापाल श्रीमती कुसुम राठौर, रामकुमार राठौर, देवेश सोनी, सहायक ग्रेड 3 दुष्यन्त राठौर, बबलू राठौर, तामेस्वर गोस्वामी, कंप्यूटर ऑपरेटर रोशन राठौर, श्याम कुमार, भृत्य रमेश राठौर, बल्लू राठौर बलबीर सहित बड़ी संख्या में नगर पालिका के कमर्चारीगण मौजूद रहे।



## न्यौता भोज में बच्चों को खिलाया गया खीर-पुड़ी व मिठाई, भेंट किया कम्पास



**पामगढ़।** शासकीय प्राथमिक शाला राइस मिल मोहल्ला चंडीपारा में सोमवार 1 अप्रेल को सहायक विकास विस्तार अधिकारी आकाश नारंग द्वारा बच्चों के साथ न्योता भोज का आयोजन किया गया।

उन्होंने बच्चों को अपने हाथों से केला, अंगूर, संतरा खीर पूड़ी एवं मिठाई का वितरण किया। साथ ही उपस्थित बीस बच्चों को कम्पास बाक्स भेंट किया गया। न्योता भोजन में शासकीय प्राथमिक शाला राइस मिल मोहल्ला के शिक्षको द्वारा दाल चावल सब्जी की व्यवस्था कर न्योता भोजन कराया। न्योता भोज के इस कार्यक्रम में जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मणिशंकर कौशिक, मुकेश गोस्वामी, प्राचार्य श्रीमती एन जे एक्का, रूपलता बुनकर, सचिव उमेंद्र राम दिनकर,सोनम तिवारी,रश्मि तिवारी एवं स्कूल के सभी स्टॉप उपस्थित थे ।

## पेंड्री में संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा की जयंती 5 को

**हसौद।** साहू समाज ग्राम पंचायत पेंड्री (हसौद) के समस्त स्वजातीय लोगों के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तैलिक कुल की आराध्य देवी संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा की जयंती 5 अप्रैल को धूमधाम से मनाई जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेतराम साहू केंद्र अध्यक्ष साहू समाज हसौद करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ कैलाश साहू पूर्व जिलाध्यक्ष, सुरेश साहू उपाध्यक्ष एवं नरसिंह साहू पूर्व केद्राध्यक्ष तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में हेमलाल साहू, लोकेश साहू , श्रीमती हेमकुमारी गोरेलाल साहू सरपंच पेंड्री एवं कन्हैया लाल साहू ग्रामाध्यक्ष प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। पंच नेत्रनंदन साहू ने कार्यक्रम में लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

## आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों को कराया गया अन्नप्राशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

■ अभिभावकों को ऊपरी आहार के बारे में दी गई जानकारी

वार्ड नंबर-17 के आंगनबाडी केंद्र क्रमांक -1 में सुपोषण चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। यहां थीम अधारित कार्यक्रम गोदभराई, आन्नप्राशन,जन स्वास्थ्य दिवस आदि कार्यक्रम कराया जाता है।

इसके तहत सोमवार 1 अप्रैल को आंगनबाड़ी केन्द्र में 6 माह पुरे कर चुके 6 बच्चे डेविस साहू, तृषा स्वर्णकार, नित्यांश धीवर, धृती थवाईत, अथर्व राठौर,भावेश कश्यप को खीर खिलाकर अन्नप्राशन करवाया गया। इस दौरान सभी बच्चों के माता-पिता को बच्चों के 6 माह पूर्ण करने के बाद उनके लिये ऊपरी आहार के बारे में समझया गया, जिससे बच्चों मे पोषण की कमी न हो और उम्र के अनुसार वजन और उंचाई में सही मात्रा में वृद्धि हो। इस अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ओ की समाज सेविका श्रीमती अनुराधा शुक्ला, पतंजली योग महिला समिति की जिला अध्यक्ष श्रीमती मनीषा गोपाल, सुपरवाईजर नवधा राठिया, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सारिका राठौर, सहायिका सुनीता साहू, जयंती धीवर, रिया थवाईत, तृप्ति, उमा सोनल, सुरुचि, सुशील, योगेश, मनीष, धीरज, पीहू और मोहल्ले के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



खीर खिलाकर बच्चों का अन्नप्राशन कराते अनुराधा शुक्ला व अन्य।

# बीएसपी का लोकसभा स्तरीय कार्यकर्त्ता सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

■ लोकसभा चुनाव को लेकर तैयार की गई रणनीति

जिला मुख्यालय जांजगीर के शारदा मंगलम में 30 मार्च को बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में लोकसभा स्तरीय कार्यकर्त्ता सम्मेलन आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में एन. पी. अहिरवार (केंद्रीय स्टेट कोऑर्डिनेटर बसपा ), मनीष आनंद (केंद्रीय स्टेट कोऑर्डिनेटर बसपा), विशिष्ट अतिथि के रूप में श्याम टंडन (प्रदेश अध्यक्ष बसपा छग), दूजराम बौद्ध (पूर्व विधायक पामगढ़) इंदु बंजारे (पूर्व विधायक पामगढ़), राधेश्याम सूर्यवंशी (जोन प्रभारी बसपा), संतोष यादव (जोन प्रभारी बसपा) उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उदल किरण पूर्व प्रदेश महासचिव बसपा ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नर्मदा प्रसाद अहिरवार ने मायावती के उपलब्धियो को बताते हुए किन किन मुद्दों को लेके मैदान में जाना है, अनेको चुनावी रणनीति पर अपनी बात रखी। वही केंद्रीय कोऑर्डिनेटर मनीष आनंद ने एक वोट - एक नोट पर जोर देते हुए अपनी बात रखी। प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन ने बताया की अन्य राजनितिक दलों द्वारा अवैध रूप चंदा इलेक्ट्रीरल बांड को बताते हुए कहा की बसपा ही एकमात्र ईमानदार पार्टी है। लोकसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को पूर्व विधायक दूजराम बौद्ध, पूर्व विधायक इंदु बंजारे ने भी संबोधित किया। इस दौरान चुनाव को लेकर रणनीति भी तैयार की गई। कार्यक्रम में लोकसभा क्षेत्र जांजगीर के वरिष्ठ पदाधिकारियों में संतोष देवांगन, जी आर बंजारे, लालसाय खुंटे, जांजगीर-चांपा लोकसभा प्रत्याशी डॉ रोहित डहरिया, डी डी बर्तमसी, मनहरण मनहर, मुकेश रात्रे, जीवराज प्रकाशित रात्रे, संजय धारिया, रामकुमार चंद्र, भागवत जायसवाल, नारायण साहू, लक्ष्मी प्रसाद महेश, लखन लाल साहू, ईश्वरी साहू, महेश कश्यप, शत्रुहन नेताम, भोगी पाटले, मोहन सिंह, रामकुमार किरन, रवि रविंद्र, अरुण महिलागे, रामकुमार कुर्रे, फेकूराम बर्मन, जशपाल दर्वेश, दयाराम खुराना समस्त जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, विधानसभा अध्यक्ष गण, सेक्टर व पोलिंग के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता गण उपस्थित थे।



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।



